Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

APEM LIVE NEWS सच का साथी

स्वामित्व : अपेम फ्रंटलाइन टीम

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 28-09-2021 | अंक 12

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्युज ब्रिफ

## प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के प्रभारी प्राचार्य बने शिवकुमार

**अपेम लाइव बरही** प्लस टू उच्च विद्यालय बरहीडीह के वरिष्ठ शिक्षक शिव कुमार को वरियता के आधार पर प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। इससे पूर्व विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के रूप में अनिल कुमार नीरज कार्यरत थे, जो उच्च विद्यालय बरही के शिक्षक थे, परंतु विभागीय आदेशानुसार जिला के सभी प्लस टू उच्च विद्यालयों के प्रभारी प्लस टू के ही शिक्षक रहेंगे। जिसके आलोक में बरही प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक शिव कुमार को अनिल कुमार नीरज द्वारा प्रभार सौपा गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।



नए प्राचार्य का स्वागत करते सहयोगी शिक्षक

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ओर से बुजुर्ग एवं लाभार्थी सम्मान समारोह का आयोजन आज

**अपेम लाइव बरही** राम नारायण यादव मेमोरियल कoलेज के प्रांगण में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ 20 दिवसीय सेवा और समर्पण अभियान के तहत बुधवार को बरही भाजपा ओबीसी मोर्चा के द्वारा आज अनुमंडलीय स्तर पर बुजुर्ग एवं लाभार्थी सम्मन समारोह का आयोजन किया जाएगा । जिसमे सेवानिवृत्त शिक्षक, डॉक्टर, स्वतंत्रता सेनानी, खेल प्रेमी, और वैसे




बुजुर्ग व्यक्ति जो समाज के लिए कार्य कर रहे है। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा झारखण्ड के अम. रदीप यादव एवं बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल होंगे। जानकारी बरही पाश्चमी ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार एवं बरही पूर्वी ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव ने संयुक्त रूप से दी।

# कल मनाया जाएगा जीतिया, महिलाएं अपने संतान की सुख समृद्धि के लिए रखेगी निर्जला व्रत

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

जीतिया पर्व संतान की सुख-समृद्धि के लिए रखा जाने वाला व्रत है। इस व्रत में पूरे दिन निर्जला यानी की (बिना जल ग्रहण किए ) व्रत रखा जाता है। यह पर्व उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और नेपाल के मिथिला और थरुहट में आश्विन माह में कृष्ण-पक्ष के सातवें से नौवें चंद्र दिवस तक तीन दिनों तक मनाया जाता है। जितिया व्रत की पूजा विधि जितिया व्रत के पहले दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले जागकर स्नान करके पूजा करती हैं और फिर एक बार भोजन ग्रहण करती हैं और उसके बाद पूरा दिन निर्जला व्रत रखती हैं। इसके बाद दूसरे दिन सुबह-सवेरे स्नान के बाद महिलाएं पूजा-पाठ करती हैं और फिर पूरा दिन निर्जला व्रत रखती हैं। व्रत के तीसरे दिन महिलाएं पारण करती हैं। सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही महिलाएं अन्न ग्रहण कर सकती हैं। मुख्य रूप से पर्व के तीसरे दिन झोर भात, मरुवा की रोटी और नोनी का साग खाया जाता है। अष्टमी को प्रदोषकाल में महिलाएं जीमूतवाहन की पूजा करती है। जीमूतवाहन की कुशा से निर्मित प्रतिमा को धूप-दीप, अक्षत, पुष्प, फल आदि अर्पित करके फिर पूजा की जाती है। इसके साथ ही मिट्टी और गाय के गोबर से सियारिन और चील की प्रतिमा बनाई जाती है। प्रतिमा बन जाने के बाद उसके माथे पर लाल सिंदूर का टीका लगाया जाता है। पूजन समाप्त होने के बाद जीवित्पुत्रिका व्रत की कथा सुनी जाती है। **जितिया की कथा** पौराणिक कथा के अनुसार एक बार एक गरुड़ और एक मादा लोमड़ी नर्मदा नदी के पास एक हिमालय के जंगल में रहते थे। दोनों ने कुछ महिलाओं को पूजा करते और उपवास करते देखा और खुद भी इसे देखने की कामना की। उनके उपवास के दौरान, लोमड़ी भूख के कारण बेहोश हो गई और चुपके से भोजन किया। दूसरी ओर, चील ने पूरे समर्पण के साथ व्रत का पालन किया और उसे पूरा किया। परिणामस्वरूप लोमड़ी से पैदा हुए सभी बच्चे जन्म के कुछ दिन बाद ही खत्म हो गए और चील की संतान लंबी आयु के लिए धन्य हो गई। **नाग वंश से जुड़ी यह कथा भी पढ़े** इस कथा के अनुसार जीमूतवाहन गंधर्व के बुद्धिमान और राजा थे। जीमूतवाहन शासक बनने से संतुष्ट नहीं थे और परिणामस्वरूप उन्होंने अपने भाइयों को अपने राज्य की सभी जिम्मेदारियां दीं और अपने पिता की सेवा के लिए जंगल चले गए। एक दिन जंगल में भटकते हुए उन्हें एक बुढ़िया विलाप करती हुई मिलती है। उन्होंने बुढ़िया से रोने का कारण पूछा। इसपर उसने उसे बताया कि वह सांप (नागवंशी) के परिवार से है और उसका एक ही बेटा है। एक शपथ के रूप में हर दिन एक सांप पक्षीराज गरुड़ को चढ़ाया जाता है और उस दिन उसके बेटे का नंबर था। उसकी समस्या सुनने के बाद जिमूतवाहन ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह उनके बेटे को जीवीत वापस लेकर आएंगे। तब वह खुद गरुड़ का चारा बनने का विचार कर चट्टान पर लेट जाते हैं। तब गरुड़ आता है और अपनी अंगुलियों से लाल कपड़े से ढंके हुए जिमूतवाहन को पकड़कर चट्टान पर चढ़ जाता है। उसे हैरानी होती है कि जिसे उसने पकड़ा है वह कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दे रहा है। तब वह जिमूतवाहन से उनके बारे में पूछता है। तब गरुड़ जिमूतवाहन की वीरता और परोपकार से प्रसन्न होकर सांपों से कोई और बलिदान नहीं लेने का वादा करता है। मान्यता है कि तभी से ही संतान की लंबी उम्र और






जितिया व्रत करती महिलाएं (फ़ाइल फ़ोटो)

कल्याण के लिए जितिया व्रत मनाया जाता है। **जीतिया व्रत की एक और कथा** यह भी महाभारत युद्ध में पिता की मृत्यु के बाद अश्वत्थामा बहुत क्रोधित था। वह पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए पांडवों के शिविर गया और उसने पांच लोगों की हत्या कर दी। उसे लगा कि उसने पांडवों को मार दिया लेकिन पांडव जिंदा थे। जब पांडव उसके सामने आए तो उसे पता लगा कि वह द्रौपदी के पांच पुत्रों को मार आया है। यह सब देखकर अर्जुन ने क्रोध में अश्वत्थामा को बंदी बनाकर दिव्य मणि छीन ली। अश्वत. थामा ने इस बात का बदला लेने के लिए अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रही संतान को मारने की योजना बनाई। उसने गर्भ में पल रहे बच्चे को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया, जिससे उत्तरा का गर्भ नष्ट हो गया। लेकिन उस बच्चे का जन्म लेना बहुत जरूरी था। इसलिए भगवान कृष्ण ने उत्तरा की अजन्मी संतान को गर्भ में ही फिर से जीवित कर दिया। गर्भ में मरकर जीवत होने की वजह से इस तरह उत्तरा के पुत्र का नाम जीवितपुत्रिका पड़ गया और तब से ही संतान की लंबी आयु के लिए जितिया व्रत किया जाने लगा।

## डपोक पंचायत में विश्व हिंदू परिषद का समिति गठन अर्जुन रविदास बने संरक्षक, संतोष यादव अध्यक्ष

# धर्मांतरण एक सामाजिक जहर : कृष्णा भूइयां

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में चल रहे धर्मांतरण के अवैध खेल पर अंकुश लगाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले डपोक पंचायत के खुर्द जवार गांव में एक विशाल बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं संचालन बजरंग दल संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में कट्टर सनातनी कृष्णा भूइयां जी उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कृष्णा भुंइयाँ ने कहा कि भारत एक सनातनी राष्ट्र है और यहां रहने वाले लोग सनातन प्रेमी हैं। ऐसे सनातनी राष्ट्र में लोभ लालच भय का बहाना बनाकर अवैध रूप से धर्मांतरण किया जाना सामाजिक जहर से ज्यादा खत. रनाक है अगर समाज में पोटेशियम साइनाइड का नाम दिया जाए तो भी कम नहीं है। हम सनातन हैं और तलवार के बल पर सलवार नहीं पहनेंगे। हमें अपने विचारों से ऐसे पाखंडीयों को समूल उखाड़ फेंकना है। इसके लिए हमें सामाजिक रुप से संगठित होने और भेदभाव को मिटाकर एक सूत्र में आंदोलन करने की आवश्यकता है। मूल मंत्र समानता का होना चाहिए। हम आपस में दूध और पानी की तरह मिलकर समाज को समृद्ध बनाएं और ऐसे पाखंडीयों को दूर भगाएं। पूरी दुनिया में सनातन ही एक ऐसा धर्म है जो प्रकृति से सीधे जुड़ा है। ऐसे पाखंडीयों को अपने समाज के खंडित करने के प्रयास से विफल करना है और हम बढ़-चढ़कर इस कार्य में हिस्सा लें और धर्म की रक्षा करें। जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी निश्चित ही रक्षा करता है, इसमें कोई संदेह नहीं है। हमें अपने क्षेत्रों में रामायण गीता और महाभारत जैसे ग्रंथों का पठन-पाठन बढ़ाना चाहिए। इससे क्षेत्र में धार्मिक क्रांति लाने के लिए आवश्यक है साबित सिद्ध होगा। लोगों के बदले हुए भाव और धर्म के प्रति घटता प्यार ही धर्मांतरण का मूल कारण है इसलिए मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि हर विद्यालय में रामायण और गीता का पाठ अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से बच्चों में संस्कार और अनुशासन आएगा। साथ ही साथ धार्मिक आस्था सुदृढ़ होगी। मौके पर मौजूद जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं रंजीत चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से कहा कि हमें विभिन्न प्रकार के जातिगत भाव से ऊपर उठकर सामाजिक एकता का परिचय पेश करनी है और सनातन



विश्व हिंदू परिषद के सदस्य वा ग्रामीण

धर्म की रक्षा करनी है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रसोईया धमना खंड के मुख्य शिक्षक अरविंद कुमार ने बच्चों में संस्कार शिक्षा एवं शाखा से जोड़कर उनमें संस्कार भरने की बात कही। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद की समिति विस्तार योजना के तहत डरपोक पंचायत की समिति गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से संतोष यादव अध्यक्ष, सीताराम चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, अशोक चंद्रवंशी, मंत्री द्वारिका चंद्रवंशी सह मंत्री, दिनेश चंद्रवंशी बजरंग दल संयोजक रोहित चंद्रवंशी, संजीत कुमार सह संयोजक, अनिल चंद्रवंशी धर्म प्रसार प्रमुख, पांचू राम सत्संग प्रमुख, मनोज यादव गौरक्षा प्रमुख, किशोर चंद्रवंशी मिलन प्रमुख, अरुण चंद्रवंशी सामाजिक समरसता प्रमुख, मनी यादव सुरक्षा प्रमुख, झरी चंद्रवंशी व्यवस्था प्रमुख संरक्षक युगल राम, अर्जुन रविदास, उमेश यादव बनाए गए। इस कार्यक्रम में मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, कृष्णा कुमार भूइयां, युगल चंद्रवंशी, अरुण चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, नारायण यादव, लालधारी चंद्रवंशी, नकुल सिंह, सीताराम चंद्रवंशी, पंकज कुमार सिंह, भुवनेश्वर चंद्रवंशी, जोभी चंद्रवंशी, पांचू चंद्रवंशी, नारायण चंद्रवंशी, भीम कुमार यादव, प्रवीण यादव, सोनू चंद्रवंशी, मिथिलेश यादव, अरुण कुमार, देवेंद्र यादव, संतोष यादव, लालमणि यादव, नारायण यादव सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
APEM LIVE NEWS सच का साथी
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01
सच का साथी
दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 28-09-2021 | अंक 12
प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से किया फुटबॉल किट का वितरण व खेल सामग्री के लिए किया आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत धनवार पंचायत के लठिया में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव एवं धनवार पंचायत के पूर्व मुखिया राजेन्द्र कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फुटबॉल खेलने वाले खिलाड़ियों को फुटबॉल किट दिया। साथ ही साथ किशुन यादव के द्वारा गोलपोस्ट के लिए दोनों साइड के लिए लोहे का खंभा भी दिया गया। राजेन्द्र कुशवाहा ने 7500 रुपया इस खेल से संबंधित बूट एवं अन्य वस्तुएं खरीदने के लिए खिलाड़ियों को दिए।



फुटबॉल (उपर) चेक ( नीचे ) वितरण करते समाजसेवी



वही किशुन यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस खेल से खिलाड़ी तनावमुक्त रहते है और साथ ही साथ खिलाड़ियों का फिटनेस का भी बरकरार रहता है। मौके पर पिंटू कुमार यादव, बब्लू यादव, रवि कुमार, राहुल कुमार, रंजीत कुमार, सुबोध कुमार, दीपू कुमार, उमेश कुमार, सुदीप कुमार, संतोष कुमार, दीपक कुमार, सुरेश पंडित, संजय यादव,शंभु यादव,उदय यादव,विनय यादव, मुन्ना यादव, अजित कुमार, योगेंद्र कुमार सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा वंशजो को बिहार बीजेपी विधायक ने किया अपमानित, विश्वकर्मा भगवान के स्थान पर लगाया पीएम की प्रतिमा

### एसडीओ को ज्ञापन देकर की विधायकी रदद् करने की मांग

**अपेम लाइव बरही**

बिहार बीजेपी विधायक द्वारा भगवान विश्वकर्मा के तस्वीर को हटाकर पीएम मोदी का तस्वीर लगाकर पूजा करने का झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज ने कड़ी निंदा करते हुए बरही एसडीओ के मार्फ़त पीएम मोदी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई व विधायकी रद्द करने का मांग किया। पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा गया है कि विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर बिहार राज्य के मधुबनी जिला के बिस्फी विधानसभा से भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर द्वारा सृष्टि के सृजनहार भगवान विश्वकर्मा के छवि के साथ छेड़छाड़ कर उनकी प्रतिमा के स्थान पर आपकी प्रतिमा लगाकर पूजा पाठ करके न केवल विश्वकर्मा वंशजो व बल्कि सनातन धर्म आराध्यदेव भगवान विश्वकर्मा को भी अपमानित किया है। बल्कि सामाजिक विषमता फैलाने की कोशिश की है। ऐसे लोगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान एसडीओ को पीएम मोदी के नाम ज्ञापन सौंपने वालो में चौय विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष मिथलेश्वर प्रसाद राणा, भिखण् मिस्त्री, बरही उप प्रमुख सिकंदर राणा, गोपाल विश्वकर्मा, बीरेंद्र कुमार राणा, राजेंद्र राणा, राजू राणा, केदार राणा, जगरनाथ राणा, राम लखन राणा, बिरेंद्र राणा, सहित कई लोग उपस्थित थे।



एसडीओ के नाम ज्ञापन सौंपते विश्वकर्मा समाज के लोग

APEM LIVE

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI
EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur

### आज का प्चिंाड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---29.09.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
ॠतुः---शरद
माहः---अश्विन
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---अष्टमी तिथि संध्या 04:58 तक उपरांत नवमी तिथि
दिनः---बुधवार
नक्षत्रः---आद्रा नक्षत्र
योगः---वरियान
करणः---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:04
सूर्यास्त : संध्या 05:56
सूर्य :---कन्या राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि में
आज का राहूकाल दिनः---12:00 बजे से
दिनः---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज अष्टमी का तर्पण व श्राद्ध होगा। व संतान की लम्बी आयु हेतु जितिया व्रत होगा।

आलेख ---



संदीप शर्मा
द्धवास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्शत्र
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## बरही के जरहिया में होगी भोजपुरी फ़िल्म दिल्लगी की शूटिंग अपेम आर्ट एंड कल्चर के कलाकारों को मिलेगा मौका

### मुंबई से आई प्रोडक्शन टीम ने लिया जरहिया, तथागत फार्म हाउस, तिलैया डैम का जायजा, लोकेशन हुआ फाइनल

**अपेम लाइव बरही**
**राज आर्यन**

एजीएस आदित्य, एस राणा फिल्म्स एवं अपेम प्रोडक्शन के बैनर तले बड़े पर्दे की भोजपुरी फिल्म दिल्लगी की शूटिंग बरही के कई क्षेत्रों में होगी। ग्रामीण परिवेश में बनने वाली फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन का जायजा लेकर अंतिम रूप दिया जा रहा है। लोकेशन एवं शूटिंग स्थल को फाइनल करने के लिए मुंबई से आए फ़िल्म डायरेक्टर संतोष राणा के नेतृत्व में आई टीम ने कई लोकेशन का भ्रमण किया एवं शूटिंग स्थल के लिए वहां की भौतिक परिवेश की जानकारी ली। फिलहाल फ़िल्म शूटिंग के लिए जरहिया, तथागत फार्म हाउस, तिलैया डैम, जवाहर घाट, बरकट्ठा एवं कोडरमा के कुछ लोकेशन को फाइनल किया गया।। शूटिंग होने वाली भोजपुरी फ़िल्म दिल्लगी की के बारे में जानकारी देते हुए डायरेक्टर संतोष राणा ने बताया कि इस फ़िल्म के प्रोड्यूसर आदित्य कुमार हैं। निर्देशन टीम में गुलाम हुसैन रिजवी, सतीश शीतल एवं राज आर्यन उर्फ छोटी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। फ़िल्म की अधिक. ांश पार्ट जरहिया गांव में शूट किया जाएगा। फ़िल्म की कहानी के अनुसार जो जरहीया गांव में डैम एवं नहर के कुछ दृश्य भी शूट किया जाएगा। इस फिल्म के मुख्य कलाकारों में आदित्य गुप्ता, अनूप अरोरा, राहुल सिंह सहित कई नामचीन चेहरे है। इसके अलावे अपेम आर्ट एंड कल्चर टीम से जुड़े कलाकारों को भी एक्टिंग में मौका मिलेगा। अपेम ट्रस्ट के अनुसंगी इकाई अपेम आर्ट एंड कल्चर और अपेम प्रोडक्शन के पदाधिकारियों के अनुसार क्षेत्र की सभ्यता संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और क्षेत्र की प्रतिभाओं को मौका देना अपेम का उद्देश्य रहा है । जिसके लिए अपेम बढ़-चढ़कर अपने कदमों को बढ़ा रहा हैं। अपेम ने अपने इन्ही उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उरवां के ष्तथागत फार्म हाउसष परिसर को फिल्म स्टूडियो के रूप में डेवलप करने का भी निर्णय लिया गया है। जहां वह सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे कि आसपास के जिलों, राज्यों से लोग फोटोशूट, प्री वेडिंग, म्यूजिक एल्बम एवं मूवी का निर्माण कर पाएंगे। .जिससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मौका एवं रोजगार का अवसर प्राप्त होगा और वह अपनी स्किल को डेवलप कर पाएंगे। मौके पर सतीश शीतल, राज आर्यन, सर्वजीत कुमार आदि लोग मौजद रहे।



जरहिया डैम का मनोरम दृश्य



लोकेशन का अवलोकन करते फ़िल्म प्रोडक्शन टीम व मुखिया

## झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ की ओर से जोकट तिलैया ग्राम कमेटी गठित विष्णु प्रजापति अध्यक्ष, सुखदेव प्रजापति सचिव , महिला अध्यक्षा बनी पुष्पा

**अपेम लाइव : चौपारण**

झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ अनुमंडल बरही इकाई की ओर से चौपारण प्रखंड के जोकट तिलैया में ग्राम कमेटी का गठन को लेकर प्रजापति समाज की बैठक हुई। इसमे सर्वसम्मति से ग्राम कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में सरकार ने प्रखंड के ग्राम जोकट तिलैया में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ बैनर तले ग्राम स्तरीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग से अध्यक्ष विष्णु प्रजापति , सचिव सुखदेव प्रजापति , कोषाध्यक्ष नंद किशोर प्रजापति और महिला मोर्चा की ओर से अध्यक्ष पुष्पा कुमारी, सचिव रीना देवी को चयनित किया गया ग्राम स्तरीय समिति गठन में मुख्य रूप से बरही प्रखंड के अध्यक्ष संतोष प्रजा. पति , चौपारण प्रखंड से सक्रिय सदस्य अशोक प्रजापति ,रामअवतार प्रजापति, राम सुंदर प्रजापति, बालेश्वर प्रजा. पति, उत्तम प्रजापति केदार प्रजापति मुख्य रूप से उप. स्थित होकर उनका साक्षी बने। इस अवसर पर संतोष प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज की एकजुटता से ही समाज का विकास संभव है। अशोक प्रजापति ने कहा कि चौपारण प्रखंड में प्रजापति समाज की एकजुटता के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सभी को शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक तौर पर जागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है।



नव चयनित ग्राम कमेटी का स्वागत करते पदाधिकारीगण

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांक: 28-09-2021
सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## धारा 144 लगने के बाद भी निर्माण कार्य जारी

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**


निर्माणाधीन मकान

चलकुशा प्रखंड के ग्राम कटघरा में जमीन विवाद को लेकर उपरोक्त विवादित स्थल पर अनुमंडल कोर्ट के द्वारा धारा 144 लगाया गया है। इस मामले में अनुमंडलीय पदाधिकारी के द्वारा एक वाद संख्या 149/21 के तहत की सुनवाई चल रही हैं। आवेदन में द्वितीय पक्ष के द्वारा अनुमंडल न्यायालय आदेश का पालन ना करते हुए खाता न0 67 प्लॉट संख्या 1004 पर निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। मामले में प्रथम पक्ष सुमा देवी ने पत्रकारों को बताया की जब न्यायालय की बात अनसुना करें और अधिकारियों की नींद ही नहीं खुलती तो अब हम कंहा जाएं। इस मामले में एसडीओ पूनम कुजूर ने अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर एवं थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह को अभिलंब निर्माण कार्य को बंद कराने का आदेश दिया। इस दौरान एसडीओ पूनम कुजूर को जानकारी मिलते ही चलकुशा मुख्यालय पहुंचीं। और अधिकारियों को कड़ी निर्देश देते हुए तथा द्वितीय पक्ष को बुलाकर अतिशीघ्र कार्य बंद करने को कहा।

## बैंक खाता खुलवाने में हो रहे परेशानी से बीडीओ को कराया गया अवगत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विद्यालय में नामांकित बच्चों हेतु सरकारी आर्थिक लाभ यथा निः शुल्क पोषाक, निः शुल्क साइकिल, छात्रवृत्ति, मध्यान भोजन प्रतिपूर्ति भत्ता की राशि सीधे बच्चों के बैंक खाते में हस्तांतरित हेतु बैंक खाता की मांग की गई है। परंतु बरकट्ठा व चलकुशा के सभी बच्चों के बैंक खाता उपलब्ध नहीं हैं। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरकट्ठा ने बीडीओ बरकट्ठा को पत्रांक 345 के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा है कि विभागीय आदेश से शिक्षक/ बच्चों के अभिभावक बैंक के शाखा में जाते हैं किंतु बैंक द्वारा उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता है जिसका शिकायत शिक्षकों द्वारा बार-बार किया जा रहा है । इस संबंध में बैंकों को लिखित प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराई गई जिसे संलग्न की जा रही है। अतः बीडीओ महोदया से आग्रह है कि प्रखंडाधीन बैंक प्रबंधकों के नाम एक कार्यालय आदेश जारी कर खाता खोलने हेतु निर्देशित की जाए। पत्र की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग को भी भेजी गई है। ज्ञात हो कि बैंक खाता नही खुलने से बच्चों को परेशानी हो रही है

## झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज हजारीबाग जिला कमेटी द्वारा प्रधानमंत्री को भेजा गया पत्र

### मधुबनी के विधायक हरी भूषण ठाकुर के द्वारा भगवान विश्वकर्मा के मुख पर भारत के प्रधानमंत्री का चेहरा लगाकर पूजा अर्चना करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**


ज्ञापन सौंपते कमेटी के सदस्य

झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज हजारीबाग जिला कमेटी के द्वारा हजारीबाग जिला के उपायुक्त के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा गया। इस पत्र में पिछले 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर मधुबनी जिला बिहार के भाजपा विधायक हरी भूषण ठाकुर के द्वारा भगवान विश्वकर्मा के मुख पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का चेहरा लगाकर पूजा अर्चना करने के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। विश्वकर्मा समाज के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष श्री विकास राणा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर छेड़छाड़ करना हम सभी के अराध्य देव भगवान विश्वकर्मा का ही नहीं पूरे सनातन धर्म का अपमान है जिसको विश्वकर्मा समाज कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। आज एक ही दिन झारखंड के सभी 24 जिला से विश्वकर्मा समाज की जिला कमेटी के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया और उक्त भाजपा विधायक हरी भूषण ठाकुर पर कार्रवाई करने की मांग की गई। पूरे झारखण्ड में उक्त भाजपा विधायक के प्रति आक्रोश है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष डीके राणा, जिला महासचिव महावीर राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष यदु राणा, प्रदेश संगठन सचिव अशोक राणा, जिला कोषाध्यक्ष श्री उमेश राणा, मनोज सागर राणा, बिनोद राणा, मनोज शर्मा एवं पुनित राणा उपस्थित थे।

## झारखण्ड निवेदन समिति पहुँचा चौपारण, सड़को का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव :चौपारण**


सड़कों का निरीक्षण करते निवेदन समिति

झारखण्ड निवेदन समिति क्षेत्र भ्रमण के दौरान चौपारण पहुँचा। सभापति उमाशंकर अकेला, समिति सदस्य सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और विधायक मंगल कालिंदी के काफिले को कांग्रेस ने रसोइया धमना टॉल प्लाजा के समीप स्वागत कर चौपारण लाया। निवेदन समिति में दिए आवेदन के आलोक में बिगहा बाजार से लेकर खरहूँवा तक निर्माणधीन पीसीसी सड़क और सोहरा मोड़ से पकरिया रोड तक बने पीसीसी सड़क का निरीक्षण कर जाँच पड़ताल किया। समिति को उक्त सड़क में अनियमितता मिलने पर सभापति उमाशंकर ने संबधित जेई व एई को फटकार लगाया। सदस्य पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करना बर्दास्त से बाहर है। कहा सबधिति संवेदक को काली सूची में दर्ज डालने के लिए फ़ाइल बढ़ाने को कहा। इससे पूर्व समिति के सभापति व अन्य सदस्य विधायकों का स्वागत विधायक आवास पर किया गया। निवेदन समिति के साथ एसडीओ पूनम कुजूर, बरही, डीएसपी मो नाजीर अख्तर, बीडीओ चौपारण व थाना प्रभारी बिनोद तिर्की के अलाव विधायक पुत्र रवि शंकर अकेला, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, अभिमन्यु भगत, हेलाल अख्तर, बीरबल साहू, दीपक गुप्ता, विकास गुप्ता, संजीत कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## मुआवजा को लेकर शिविर आयोजन अगली बार 01 अक्टूबर लगेगी शिविर

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**


शिविर में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य

प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में बरकट्ठा जीटी रोड भु अर्जन को लेकर एनएचआई एंव भू-अर्जन के द्वारा कैम्प लगाया गया। कैम्प में मुख्य रूप से सीओ श्रीकांत मांझी, कानुनगो सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे। कैम्प मे गोरहर ,शिलाडीह, बेल. कप्पी, बरकट्ठा,परवता, कोनहारा खुर्द,झुरझुरी,के सैकड़ों रैयतों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। कैम्प में पहुंचे मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने कहा कि कैम्प में सैकड़ों रैयतों को जमाकर विभागीय अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। इस तरह का भीड़ जुटाकर एनएचआई एंव भु अर्जन सरकार के नजर में काम करने का दावा करती है वहीं स्थल पर रैयत अपने आप को ठंडा महसुस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा प्रखंड के जीटी रोड के किनारे बसे रैयतों के द्वारा अपनी मुआवज़ा सं. बंधित समस्याओं को लेकर पिछले तीन चार वर्षो से दर्जनों बार कागज जमा करवाना और अपनी समस्याओं को सुनाते सुनाते तक गये है बरकट्ठा बाजार के रैयत जो सैकड़ों वर्षो से केसर हिंद जमीन पर अपना मकान और दुकान बनाकर जीवकोपार्जन कर रहे हैं उसे विभागीय अधिकारियों के द्वारा बै जबरण मकान तोड़कर मुवाअजा को एक दुसरे पर दोषारोपण करते नजर आ रहे हैं।वही परवता गांव के रैयतों को सिर्फ तारीख मिल रही है उन्होंने कैम्प में उपस्थित अधिकारियों को कहा कि पुरे बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में जीटी रोड के किनारे बसे रैयतों के भु अर्जन कि समस्या और मुआवजा संबंधित समस्या एंव विशेष कर केसर हिंद जमीन पर पुरे बरकट्ठा बाजार में रैयतों को मुवाअजा नहीं दी जाती है तो मुखिया संघ बरकट्ठा,अन्य जनप्रतिनिधि के सहयोग से रैयतों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी ।इसके बाद भी सरकार जबरन काम कराती है तो प्रशासन को मेरे लाश के उपर काम करना होगा। कैम्प में पहुंचे कानुनगो सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न गांवों से आए रैयतों कि समस्या काफ़ी दिनों से लंबित है उसका समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।केसर हिंद पर बसे बरकट्ठा बाजार के लोगो को कंट्रक्सन कि मुवाअजा वरीय पदा. धिकारी के निर्देश पर दिलाने का प्रयास करुंगा।और कुछ मुवाअजा संबंधित समस्याओ को लेकर आगे भी कैम्प लगाया जाएगा। मौके पर भु अर्जन पदाधिकारी सबा करीम,अमीन बीरजु राणा,रा. जकेसरी कंपनी के कृष्ण मोहन शुक्ला रैयत पुर्व मुखिया निजाम अंसारी,कासीम मियां, अशोक नायक, बिरेंद्र सोनी,समीम अंसारी, त्रिभुवन मंडल, मनोज मोदी समेत सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।

## सिंघरावां में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ ने गर्मजोशी से किया तीनो विधायक का स्वागत

**अपेम लाइव :चौपारण**


विधायकों का स्वागत करते

चौपारण प्रखड के सिंघरावां हनुमान मंदिर के पास हाईवे पर झारखंड सरकार के निवेदन समिति सभापति उमा शंकर अकेला यादव एंव समिति सदस्य सह झरिया विधायिका पूर्णिमा नीरज सिंह, विधायक मंगल का. लिंदी का झारखंड क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला ओबीसी सचिव दीपक गुप्ता के नेतृत्व में स्वागत किया। ओबीसी कांग्रेस के सभी पदाधिक. ारियों ने विधायक उमा शंकर अकेला, पुर्णिमा नीरज सिंह, मंगल कालिंदी को माला पहनाकर एंव जोरदार नारो के गर्मजोशी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। चौपारण प्रखंड अध्यक्ष राम सुंदर प्रजापति एंव जिला उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्रवंशी ने सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता को स्वागात समय कांग्रेसी पट्टा पहनाकर स्वगात व अभिनंदन किया। सभापति सह विधायक उमाशंकर अकेला ने इस मौके पर सभी को विशेष बधाई देते कहा कि जल्द झारखंड सरकार की योजना गांव-गांव तक पहुचने की बात कही।
मौके पर मुख्य रूप से चौपारण जिला परिषद उम्मीदवार सह विधायक प्रतिनिधि महेंद्र साव, जिला सचिव मनान वारसी, बरही प्रखंड अध्यक्ष सुनील साव,जिला उपाध्यक्ष ड० निजामुद्दीन,जिला सचिव विकास साव, पंचायत सचिव नरेश साव, विधायक प्रति. निधि बीरबल साव, बीरू यादव, विधायक प्रतिनिधि मिनहाज मे. हन्दी,समाजसेवी लालेश साहू, हरीश कुमार, पंकज कुमार, संदीप कुमार, प्रकाश कुमार, महेंद्र प्रजा. पति ,गिरधारी प्रजापति, भिखन यादव , बैजनाथ यादव, गन्दौरि यादव, इस्मैल मियाँ , अब्दुल जावेद, मुस्त्कीम मियाँ, सतार मियाँ, प्रह्लाद पांडेय, रोहन साव, मिथलेश प्रजापति, संजय प्रजापति, अब्दुल मनान, अर्जुन यादव, रामसेवक यादव, कृपाल रवनी, लिलधारी रविदास, कैलाश यादव, रामप्रवेश यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।




अपेम लाइव न्यूज़ में विज्ञापन लगाने के लिए संपर्क करें : सोनु पंडित 9550809864

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जन जागरूकता रथ रवाना

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**


जागरूकता रथ रवाना करते बीडीओ व अन्य

75 में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर ष्आ. जादी का अमृत महोत्सवष मनाने हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू के तहत एक जन जागरूकता रथ प्रखंड कार्यालय चंदवारा से रवाना किया गया। रथ को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, अंचला. धिकारी रामरतन वर्णवाल, कनीय अभियंता प्रमोद कुमार सिन्हा, पेयजल स्वच्छता विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन के कोऑर्डिनेटर टेकलाल साव के द्वारा संयुक्त रूप से हरा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर खाली विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि रथ चंदवारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जन जागरूकता के लिए रवाना की गई है। उन्होंने कहा कि यह रथ लोगों को एसबीएमजी फेस टू के तहत किए जा रहे कार्यों का प्रचार प्रसार करेगा। साथ ही साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, खुले में शौच मुक्त ग्राम हेतु की जाने वाली गतिविधियां, ओडीएफ की नि. रंतरता सुनिश्चित करना, प्ला. स्टिक कचरा प्रबंधन, शौचालय की सफाई, स्ट०प सिंगल यूज प्लास्टिक, गंदा जल प्रबंधन, गोवर्धन का लाभ, गोबर गैस प्लांट इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी मुहैया कराएगा।

## पक्के घर के जमीन पर सो रही थी छात्रा, करैत के दंश से 06 घंटे में ही चली गई जान

### सदर विधायक ने जताया गहरा शोक, लोगों से किया अपील, कहा किसी भी हाल में जमीन में सोने से बचें

**अपेम लाइव : हजारीबाग**


निर्मला धान (फाइल फोटो)

होनी को कोई टाल नहीं सकता। सोमवार की रात्रि करीब 09 बजे कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत ग्राम हारम स्थित मौनातरी मुहल्ले में अपने पक्के घर पर जमीन में सोने के क्रम में विषधर सांप के दंश से जमूआरी मिशन स्कूल की 09 वीं कक्षा की 17 वर्षीय छात्रा निर्मला धान (पिता- संतोष उरांव) की सर्प दंश के महज 06 घंटे में ही असामयिक निधन हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से सर्पदंश पीड़िता को करीब डेढ़ घंटे में ही हजारीबाग मेडिकल क०लेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया और इसकी जानकारी सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को दी। जिसके पश्चात इलाज़ में स्थानीय कई ग्रामीण और सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने खुद मॉनिटरिंग करते हुए सहयोग किया। लेकिन बेसुध हालत में इस छात्रा की तबीयत बिगड़ती गई और अंततः दंश के करीब 06 घंटे में ही इसकी जान चली गई। गांव के समाजसेवी मुटर उरांव के मुताबिक रात्रि करीब 09:00 बजे करैत सांप ने इस बच्ची के कान के समीप दंश लिया। हम ग्रामीणों ने सांप को पहचान लिया। करैत सांप के रूप में ग्रामीणों द्वारा सांप की पहचान किए जाने के बाद आनन-फानन में पीड़ित मरीज को इलाज के लिए रात्रि करीब 10:30 बजे एचएमसीएच पहुंचाया। जहां विधायक मनीष जायसवाल के सहयोग से तत्काल इलाज शुरू हुआ लेकिन पीड़ित के शरीर में तब तक जहर फैल चुका था और अंततः रात्रि करीब 3:30 बजे इसने अंतिम सांस ली। सांस थमने और मृत घोषित करने के बाद पीड़िता को ग्रामीणों ने अपने गांव ले गया और पारंपरिक रीति-रिवाज से उसका अंतिम संस्कार किया। इधर इस घटना से जहां पीड़िता के परिवार में मातम का माहौल है वहीं संपूर्ण ग्राम वासी घटना से दुखी और मायूस हैं। कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र का हारम स्थित मा. नातरी मुहल्ला सुदूरवर्ती और घने जंगलों के बीच अवस्थित है। यहां करीब 14-15 आदिवासी परिवार के लोग निवास करते हैं । सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इस घटना पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक छात्रा के आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को हिम्मत प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील भी किया है अभी वर्षात का समय है और विशेषकर वर्षात के समय में किसी भी हाल में जमीन में सोने से जरूर बचें।

## बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय में दो अक्टूबर को भाजपा के द्वारा लगेगा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

### सेवा और समर्पण अभियान के तहत महिलाओं एवं शिशु का किया जाएगा मुफ्त जांच, जांच और दवाई की भी होगी व्यवस्था

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



स्थल का निरीक्षण करते

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस माह सह बतौर पीएम - सीएम सफलतम और स्वर्णिम 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पार्टी द्वारा आयोजित देशव्यापी कार्यक्रम सेवा एवं समर्पण अभियान के तहत सम्पूर्ण देश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत आगामी दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय, हरली में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य जांच के अनुभवी और विशेषयज्ञ चिकित्सक के द्वारा जांच किया जाएगा। इस मेगा शिविर में सभी लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया जाएगा एवं निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराया जाएगा। इस मेगा शिविर का आयोजन भाजपा के सदर विधायक मनीष जायसवाल एवं सहयोगी हेल्थ पार्टनर एचजेडबी आरोग्यम मल्टी. स्पेशेलिटी अस्पताल, हजारीबाग के द्वारा संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। इस मेगा स्वास्थ शिविर के आयोजन की तैयारी को लेकर दारू मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को एक बैठक किया गया । साथ ही सहयोगी हेल्थ पार्टनर एचजेडबी आरोग्यम मल्टी. स्पेशेलिटी अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा व सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के द्वारा स्थल का निरीक्षण भी किया गया। दारू मंडल के भाजपा अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने इस मेगा स्वास्थ शिविर के आयोजन को लेकर प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष शत्रुंजय प्रसाद, विनोद कुमार, महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा, दिनेशचंद्र चौरसिया, पिछड़ा मोर्च अध्यक्ष देवदत्त प्रसाद, मीडया प्रभारी सुमन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, बसन्त नारयण सिंह , इंद्र पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे। इस कैंप में भा. जपा के कई दिग्गज नेता और संगठन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## सद्भावना सह स्वाभिमान यात्रा 28वें दिन बरही प्रखंड के विभिन्न गांवों से होकर गुजरा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


ग्रामीणों को संबोधित करते भुनेश्वर यादव


समाजसेवी भुनेश्वर यादव की सद्भावना सह स्वाभिमान यात्रा 28वें दिन बरही प्रखंड के विभिन्न गांवों जैसे कोईली ,बेन्दगी ,पोडैया, पंचमाधव, हरला, धमना, पुरहारा ईत्यादी से गुजरा। समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी बरही की जनता भाईचारे एवं सद्भाव से रहते हुए । अपने जनप्रतिनिधियों पर विकास करने का दबाव बनावें । मोके पर संतोष कुमार, उपेंद्र यादव, रंजीत यादव, किशुन ठाकुर, रामेश्वर रजक, सीकेन्द्र रजक, गोविंद यादव, एवं प्रकाश ठाकुर उपस्तिथ रहे।











गंगा लाभ

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे परमपूज्य पिता *बलदेव ठाकुर वि*... स्वर्गवास दिनांक 20.09.2021 दिन सोमवार को हो गया।
अतः आप निम्न श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

**श्राद्ध कार्यक्रम**
दिनांक 29.09.2021 (बुधवार) दशकर्म एंव एकादशा
दिनांक 01.10.2021 (शुक्रवार) ब्रह्मभोज एंव भोज
दिनांक 02.10.2021 (शनिवार) तेरहवॉ

विनित :-
जितेन्द्र कुमार दिव्या (जितु ठा...
नगेन्द्र कुमार निराला
सत्येन्द्र कुमार श्रेष्ठ
धिरेन्द्र कुमार निर्भय
ग्राम : बरही डीह,बरही,
जिला-हजारीबाग,झारखंड 825405
मो० 9708501583,9835995319

...काकुल परिवारः-
...ो ठाकुर,किशोर ठाकुर,कामेशवार ठाकुर,केदर ...र,छोटी ठाकुर,जनकी ठाकुर,बिन्दो ठाकुर,देवध ... ठाकुर,रविशंकर ठाकुर,संदीप ठाकुर, एव ...स्त ठाकुर परिवार।